Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

**S–01–Hindi**

यहाँ से काटिए

# माध्यमिक परीक्षा, 2020

# SECONDARY EXAMINATION, 2020

## हिंदी

**समय** : 3¼ **घंटे**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 1

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सामान्यत: ईश्वर के दो रूप माने गए हैं– सगुण एवम् निर्गुण। जब परमात्मा को निराकार, अज, अनादि, सर्वव्यापी, गुणातीत, अगोचर, सूक्ष्म मानकर उसकी विवेचना की जाती है तब उसे निर्गुण ब्रह्म कहा जाता है और जब वही ब्रह्म सगुण, साकार रूप धारण कर नर शरीर ग्रहण कर नाना प्रकार के कृत्य करता है तब उसे सगुण परमात्मा के रूप में जाना जाता है। सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से सगुण भक्ति को निर्गुण भक्ति की अपेक्षा महत्वपूर्ण माना जा सकता है, किंतु केवल इसी कारण से निर्गुण भक्ति की उपेक्षा नहीं की जा सकती। तत्कालीन परिस्थितियों में सगुणोपासक भक्त कवियों का सारा ध्यान इस ओर केन्द्रित था कि हिन्दू समाज को विघटन और उत्पीड़न से बचाया जा सके। इसलिए उन्होंने हिन्दू समाज के विभिन्न घटकों को संगठित करने का कार्य किया। दूसरी ओर निर्गुणोपासक कवियों की दृष्टि हिन्दू समाज को ही नही अपितु सम्पूर्ण भारतीय समाज को एकता के सूत्र में पिरोने की ओर लगी हुई थी। वे हिन्दू और मुसलमान का भेद भुलाकर मानवता के उदात्त मूल्यों की स्थापना में लगे हुए थें।

**1)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **[1]**

**2)** निर्गुण ब्रह्म की दो विशेषताएँ लिखिए। **[1]**

**3)** निर्गुण एवं सगुण भक्त कवियों में अंतर लिखिए। **[2]**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

फूलों की राह पुरानी है,  
शूलों की राह नई साथी  
सुमनों के पथ पर चरणों के  
कितने ही चिह्न पड़े होंगे  
लालायित फिर भी चलने को  
कितने ही चरण खड़े होंगे  
पर, गैल अछूती शूलों की  
जो चूमे वही जवानी है,  
जो लहू सींच कर बढ़ते हैं  
उनका ही कूच रवानी है।  
जीवन की चाह पुरानी है  
मरने की चाह नई साथी  
फूलों की राह पुरानी है  
शूलों की राह नई साथी।

**4)** उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **[1]**

**5)** कौनसी राह अछूती रह जाती है? **[1]**

**6)** कौनसी राह को नई माना गया है और क्यों? **[2]**

## खण्ड – 2

**7)** दिए गए बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए। **[8]**

क) इंटरनेट : वरदान या अभिशाप

- i) प्रस्तावना : इन्टरनेट व दैनिक जीवन
- ii) इंटरनेट के विविध क्षेत्र
- iii) इंटरनेट के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव
- iv) उपसंहार

ख) मेरा प्रिय कवि

- i) काव्य और समाज
- ii) प्रिय कवि का सामान्य परिचय एवं विशेषताएँ
- iii) प्रमुख रचनाएँ
- iv) उपसंहार

ग) पर्यावरण प्रदूषण

- i) प्रस्तावना : पर्यावरण प्रदूषण से तात्पर्य
- ii) पर्यावरण प्रदूषण के कारण
- iii) पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार
- iv) उपसंहार : रोकने के उपाय

घ) बेटी बचाओं : बेटी पढ़ाओं

- i) प्रस्तावना : बेटी बचाओं : बेटी पढ़ाओं की अवधारणा
- ii) लिंगानुपात कम होने के कारण
- iii) कन्या भ्रूण हत्या रोकने के उपाय
- iv) स्त्री–शिक्षा का महत्व एवं उपाय
- v) उपसंहार

8) स्वयं को देवास निवासी पुस्तक विक्रेता मानते हुए मोहन राघव प्रकाशन नई दिल्ली से कुछ पुस्तकें मँगवाने हेतु पत्र लिखिए। **[4]**

अथवा

स्वयं को जिलाधीश गया मानते हुए अपने जिले के समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के संस्थाप्रधान को एक पत्र लिखिए जिसमें अपने विद्यालय में गाँधीजी की 150 वीं जयन्ती मनाने के आदेश दिए गए हो।

## खण्ड – 3

9) विशेषण की परिभाषा देते हुए विशेषण के कोई दो भेद लिखिए। **[1 + 1 = 2]**

10) "प्रशान्त खेल रहा है।" वाक्य में कारक, काल, वाच्य बताइए। **[1 + 1 + 1 = 3]**

11) द्वन्द्व समास को उदाहरण सहित समझाइए। **[2]**

12) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **[1+1=2]**

क) रमेश की तो अक्ल मर गई है।

ख) घर पर सब कुशल है।

13) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए। **[1 + 1 = 2]**

क) आसमान सिर पर उठाना।

ख) ओखली में सिर देना।

14) 'छोटा मुँह, बड़ी बात' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। **[1]**

## खण्ड – 4

**15)** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **[2 + 4 = 6]**

मेरे जीवन का यह है जब प्रथम चरण
इसमें कहाँ मृत्यु?
है जीवन ही जीवन
अभी पड़ा है आगे सारा यौवन
स्वर्ण–किरण कल्लोलों पर बहता रे, बालक मन
मेरे ही अविकसित राग से
विकसित होगा बन्धु, दिगन्त,
अभी न होगा मेरा अन्त।

अथवा

उषा की लाली में
अभी से गए निखर
हिमगिरि के कनक–शिखर
आगे बढ़ा शिशु–रवि
बदली छवि, बदली छवि
देखता रह गया अपलक कवि

**16)** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **[2 + 4 = 6]**

अत्रि की पत्नी–धर्म पर व्याख्यान देते समय घंटों पांडित्य प्रकट करे, गार्गी बड़े–बड़े ब्रह्मवादियों को हरा दे, मंडन मिश्र की सहधर्मचारिणी शंकराचार्य के छक्के छुड़ा दे। गजब! इससे अधिक भयंकर बात और क्या हो सकेगी। यह सब पापी पढ़ने का अपराध है। न वें पढ़ती, न वें पूजनीय पुरुषों का मुकाबला करती। यह सारा दुराचार स्त्रियों को पढ़ाने ही का कुफल है। समझे। स्त्रियों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरुषों के लिए पीयूष का घूँट। ऐसी ही दलीलों और दृष्टांतों के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अपढ़ रख कर भारतवर्ष का गौरव बढ़ाना चाहते हैं।

अथवा

सूर्य का गोला पानी की सतह को छू गया। पानी पर दूर तक सोना–ही–सोना ढुल आया। पर वह रंग इतनी जल्दी बदल रहा था कि किसी भी एक क्षण के लिए उसे एक नाम दे सकना असम्भव था। सूर्य का गोला जैसे एक बेबसी में पानी के लावे में डूबता जा रहा था। धीरे–धीरे वह पूरा डूब गया और कुछ क्षण पहले जहाँ सोना बह रहा था, वहाँ अब लहू बहता नजर आने लगा। कुछ और क्षण बीतने पर वह लहू भी धीरे–धीरे बैजनी और बैजनी से काला पड़ गया। मैंने फिर एक बार मुड़कर दायीं तरफ देख लिया।

17) 'कन्यादान' कविता में स्त्री जीवन के प्रति ऋतुराज की गहरी संवेदना अभिव्यक्त हुई है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।
(उत्तर–सीमा 120 शब्द) **[6]**

अथवा

सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा रचित 'झाँसी की रानी' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए।

18) संत दादू दयाल के जीवन चरित् पर टिप्पणी लिखिए। **[6]**

(उत्तर–सीमा 120 शब्द)

अथवा

'ईदगाह' मुंशी प्रेमचंद की बाल–मनोविज्ञान को चरितार्थ करने वाली एक प्रतिनिधी कहानी है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में दीजिए।

19) 'संदेसनि मधुबन कूप भरे' मथुरा के कुओं को संदेशों से किसने भर दिया है और क्यों? **[1 + 1 = 2]**

20) कवि 'कृपाराम खिड़िया' ने राजहंस पक्षी की क्या विशेषता बताई है? **[2]**

21) 'प्रकृति–पद्मिनी के अंशु माली' 'प्रभो' कविता में 'अंशु माली' शब्द किसके लिए आया है और क्यों?
**[½ + 1½ = 2]**

22) सागरमल गोपा को बंदी क्यों बनाया गया? 'अमर शहीद' पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

23) रामधारी सिंह 'दिनकर' ने ईर्ष्या से बचने के क्या उपाय बताए हैं? **[2]**

24) 'मानव शरीर' के विषय में लोकसंत पीपा के क्या विचार थे? **[2]**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।

25) 'ऋतु–वर्णन' कविता के रचयिता का नाम लिखिए। [1]

26) कवि देव के आराध्य भगवान कौन है? [1]

27) हामिद ने मेले में से क्या खरीदा और उसकी कीमत क्या थी? [1]

28) 'आखिरी चट्टान' पाठ में सूर्योदय व सूर्यास्त की भूमि किसे बताया गया है? [1]

29) निम्नलिखित रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय लिखिए। [2 + 2 = 4]

i) महाकवि तुलसीदास

ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

30) शराब का सेवन कर वाहन चलाने के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं? यदि आपका कोई दोस्त या रिश्तेदार ऐसा करता है तो आप क्या करेंगे? [2 + 2 = 4]

● ● ●